उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)

विज्ञान धाम, पो0ओ0–झाझरा, वाया प्रेमनगर, देहरादून।

आंचलिक विज्ञान केन्द्र में विश्व प्रसिद्ध गूगल बॉय कौटिल्य पण्डित

गूगल बॉय के नाम से मशहूर 09 साल का हिन्दुस्तानी बालक कौटिल्य पण्डित, जिसकी असाधारण प्रतिभा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जगजाहिर है, के द्वारा आज विज्ञान धाम, झाजरा स्थित आंचलिक विज्ञान केन्द्र का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड के पूर्व खेल मंत्री, श्री नारायण सिंह राणा द्वारा स्थापित देंवाशी पब्लिक व स्पोर्टस स्कूल, नैनबाग, टिहरी गढ़वाल से आये 60 बच्चों व विश्व प्रसिद्ध गूगल बॉय कौटिल्य के द्वारा आंचलिक विज्ञान केन्द्र अन्तर्गत विभिन्न Exhibits & Models को देखकर लुत्फ उठाया गया। कौटिल्य ने महज 05 वर्ष 10 माह की आयु में ही विश्व भूगोल, प्रति व्यक्ति आय, घरेलू उत्पाद व राजनीति जैसे विभिन्न विषयों से सम्बन्धित प्रश्नों के त्वरित जवाब देकर पूरी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया था। कौटिल्य ने असाधारण रूप से मानव मष्तिष्क की क्षमता में कम्प्यूटर को भी मात दे दी है।

केन्द्र में कौटिल्य ने उपस्थित स्कूली बच्चों, यूकॉस्ट के वैज्ञानिकों व विज्ञान केन्द्र में उपस्थित दर्शकों के साथ अपने विचार साझा किये व उनके द्वारा पूछे गये कठिन से कठिन प्रश्नों के उत्तर दिये जिसे सुनकर सभी स्तब्ध रह गये। कौटिल्य के मानसिक स्तर को गूगल द्वारा मापा गया जो कि शतप्रतिशत है।

कौटिल्य के द्वारा आंचलिक विज्ञान केन्द्र का भ्रमण कर हिमालय गैलरी, इनोवेशन हब, उद्यान पार्क, 3 डी शो, तारामण्डल का पूरा मजा लिया गया। साथ ही अपनी बाल्यावस्था का आनन्द पूरे आंचलिक विज्ञान केन्द्र में इधर–उधर दौड़कर लिया गया।

परिषद के महानिदेशक डा0 राजेन्द्र डोभाल ने उपस्थित सभी बच्चों को कौटिल्य से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने का सन्देश दिया। साथ ही कौटिल्य के दादाजी, पिताजी एवं कौटिल्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में यूकॉस्ट का स्टॉफ, डा0 बृजमोहन शर्मा (स्पेक्स) आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम परिषद एवं राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारत, उत्तराखण्ड अध्याय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।